प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, शहीद भगत सिंह मार्ग, फोर्ट, मुंबई-400001
Department of Communication, Central Office, Shahid Bhagat Singh Marg, Fort, Mumbai-400001 फोन/Phone: 022- 22660502

27 फरवरी 2023

कोविड-19 महामारी के दौरान कारोबार निरंतरता उपायों का संकलन

कोविड-19 महामारी के दौरान भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा किए गए कारोबार निरंतरता उपायों पर एक संकलन 17 फरवरी 2023 को भारतीय रिज़र्व बैंक के कॉर्पोरेट कार्यनीति और बजट विभाग द्वारा आयोजित वार्षिक सम्मेलन में डॉ. माइकल देवब्रत पात्र, उप गवर्नर द्वारा विमोचित किया गया।

महामारी से उत्पन्न चुनौतियों से निपटने के लिए, भारतीय रिजर्व बैंक, लोगों के जीवन और आजीविका की रक्षा करने; अर्थव्यवस्था और वित्तीय क्षेत्र का संरक्षण करने; महत्वपूर्ण कार्यों का निर्बाध संचालन सुनिश्चित करने और कारोबार निरंतरता बनाए रखने; अपने कर्मचारियों, सेवा प्रदाताओं और अन्य हितधारकों की सहायता करने के लिए क्रॉस-फंक्शनल प्रतिक्रिया देने हेतु अभूतपूर्व पैमाने और गति से कार्यरत रहा। इस अवधि के दौरान पारंपरिक और गैर-पारंपरिक दोनों तरह के सौ से अधिक उपाय किए गए। वित्तीय स्थिरता को बनाए रखने के लिए सतर्क रहते हुए सक्रिय और नवोन्मेषी रहने का प्रयास किया गया।

इस संकलन में कोविड-19 महामारी के विरुद्ध भारतीय रिज़र्व बैंक के संघर्ष के विवरण को समाहित किया गया है।

(योगेश दयाल)
मुख्य महाप्रबंधक

प्रेस प्रकाशनी: 2022-2023/1796